नए स्कूल नियम: सेलफ़ोन्स, वेपिंग और कैनबिस

ऑंटैरियो ने कक्षाओं में ध्यान भटकाने वाली चीज़ों को कम करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए कनाडा में सबसे व्यापक योजना प्रस्तुत किया है।

स्कूलों में सेलफ़ोन का उपयोग

अब स्कूलों में शिक्षण समय के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल डिवाइस का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है।

ये बदलाव:

- कक्षा में शिक्षण को बेहतर बनाने में मदद करेंगे
- बच्चों का ध्यान केंद्रित रखेंगे
- बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देंगे

कक्षा 7 से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों को शिक्षण समय के दौरान सेलफ़ोन ले जाने की अनुमति नहीं है, सिवाय इसके कि शिक्षक इसकी अनुमति दें। किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों के लिए यह संपूर्ण स्कूल दिन पर लागू होता है।

यदि कोई विद्यार्थी अपने सेलफ़ोन को नज़रों से दूर नहीं रखता है, उसे बंद नहीं करता है या साइलेंट मोड पर सेट नहीं करता है, तो उसे कक्षा की अवधि के दौरान सेलफ़ोन को कक्षा में ही किसी स्टोरेज एरिया में रखने के लिए कहा जाएगा। जो विद्यार्थी अपना डिवाइस देने से इनकार करेगा उन्हें प्रिंसिपल के कार्यालय में भेज दिया जाएगा। प्रिंसिपल प्रत्येक स्थिति की समीक्षा करेंगे और उचित प्रतिक्रिया का निर्णय लेंगे।

कुछ परिस्थितियों में, शिक्षण समय के दौरान मोबाइल डिवाइस के उपयोग की अनुमति दी जाती है, जब:

- इसका उपयोग शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जैसा कि शिक्षक द्वारा निर्देशित किया जाता है
- स्वास्थ्य या चिकित्सा कारणों से इसकी ज़रूरत हो
- यह शिक्षा संबंधी विशेष ज़रूरतों का समर्थन करता हो

© King's Printer for Ontario, 2024

Ontario

वेपिंग और धूम्रपान

विद्यार्थी स्कूल में तंबाकू उत्पाद, ई-सिगरेट (वेप्स) या निकोटीन उत्पाद नहीं रख सकते या उनका उपयोग नहीं कर सकते। यदि आपके बच्चे के पास इनमें से कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे सौंपना होगा और आपको तुरंत सूचित किया जाएगा।

कैनबिस

चाहे स्कूल में हों या किसी स्कूल कार्यक्रम में, विद्यार्थी मनोरंजन के लिए कैनबिस नहीं रख सकते, मनोरंजन के लिए कैनबिस के प्रभाव में नहीं आ सकते, या दूसरों को मनोरंजन के लिए कैनबिस नहीं दे सकते। यदि आपके बच्चे के पास मनोरंजनात्मक कैनबिस (भांग/गांजा/चरस) पाया जाता है – तो उसे सौंपना होगा और आपको तुरंत सूचित किया जाएगा।

यदि विद्यार्थी **मेडिकल कैनबिस से संबंधित सभी कानूनों** का पालन करते हैं, तो वे स्कूल में अपने निजी चिकित्सा उद्देश्यों के लिए मेडिकल कैनबिस रख सकते हैं और उसका उपयोग कर सकते हैं।

प्रांतीय आचार-संहिता के बारे में

हमारी प्रांतीय आचार-संहिता नीति स्कूल समुदायों के लिए आचरण के स्पष्ट मानक निर्धारित करती है। इसका उद्देश्य स्कूलों में सकारात्मक माहौल बनाने में सहायता करना तथा विद्यार्थियों की उपलब्धि और कल्याण में सहायता करना है।

हम स्कूल में स्वस्थ शिक्षण माहौल बनाने में मदद करने के लिए आपके समर्थन और साझेदारी की सराहना करते हैं।

नए नियमों और हमारी प्रांतीय आचार-संहिता के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया **ontario.ca/SchoolRules** पर जाएं।